जागरण

# सोनीपत में नकली पीपीई किट बनाने की फैक्ट्री पकड़ी

Publish Date:Mon, 13 Apr 2020 06:04 PM (IST)



जागरण संवाददाता, सोनीपत: सोनीपत की दहिया कॉलोनी में घर के अंदर बिना अनुमति के ही पीपीई किट बनाने की फैक्ट्री पकड़ी है। पुलिस ने छापा मारकर एक व्यक्ति को मानकों का उल्लंघन कर गंदगी के बीच पीपीई किट बनाते गिरफ्तार किया। पुलिस ने वहां से मशीनें, रोल व 550 से अधिक तैयार पीपीई किट बरामद की हैं। आरोपित जींद की कंपनी के लिए किट तैयार कर रहा था। पुलिस ने कंपनी संचालक के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर उसे भी गिरफ्तार कर लिया।

ड्यूटी मजिस्ट्रेट अजय निराला ने सेक्टर-23 चौकी पुलिस को सूचना दी कि दहिया कॉलोनी के एक मकान के अंदर बिना अनुमति पीपीई किट बनाने की फैक्ट्री चल रही है। चौकी प्रभारी उषा व एएसआइ मुकेश की टीम मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस ने मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति ने अपना नाम फूल कुमार बताया। उसने पुलिस को बताया कि वह जींद के सफीदों की एपेक्स मेडिविजन इंडस्ट्री के लिए पीपीई किट बना रहा था। कंपनी का मालिक सफीदों का रहने वाला हरिओम उर्फ मौनी है। उससे किट बनाने की अनुमति दिखाने को कहा तो वह कोई अनुमति नहीं दिखा सका। पुलिस ने फूल कुमार व हरिओम उर्फ मौनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने मौके से जांच के दौरान कई मशीनें, रोल व 550 तैयार पीपीई किट बरामद कीं व मौनी को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों आरोपितों को जमानत मिल गई। पुलिस इस मामले से जुड़े अन्य आरोपितों की तलाश कर रही है। दहिया कॉलोनी के एक मकान के अंदर गंदगी के बीच बिना अनुमति के पीपीई किट बनाने की सूचना मिली थी। टीम ने कार्रवाई कर वहां से एक आरोपित को पकड़ लिया। वहां पर तैयार पीपीई किट के अलावा तैयार करने की मशीनें व रोल भी बरामद किया गया है। बाद में पुलिस ने पीपीई किट बनवा रहे कंपनी के मालिक को भी गिरफ्तार कर लिया।

- उषा रानी, चौकी प्रभारी, सेक्टर-23 सोनीपत

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/haryana/sonipat-news-sonipat-haryana-20187625.html